AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

20 दिसम्बर 2024 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रम अनुसार

# 1st Grade भर्ती परीक्षा हेतु GK (प्रथम प्रश्न पत्र)

# स्कूल व्याख्याता

## 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

**विशेषताएँ :**

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3. विगत वर्ष के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न
4. समसामयिक प्रश्नों का विशेष समावेश

10 OMR SHEETS सहित

व्याख्यात्मक हल लक्ष्य क्लासेज़ के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

MRP :₹120

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™
M. 6376957258, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 5, Circle, Main Road, Udaipur



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों.........

आपके समक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा आयोजित राजस्थान प्रथम श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा (स्कूल व्याख्याता) की मॉडल पेपर पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पुस्तक में राजस्थान स्कूल व्याख्याता (I Grade) परीक्षा के सम्पूर्ण नवीनतम पाठ्यसामग्री पर आधारित मॉडल टेस्ट पेपर्स दिए गए हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी स्कूल व्याख्याता परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है।
यह Model Test पेपर्स पूर्णतः स्कूल व्याख्याता परीक्षा पैटर्न पर आधारित है, जिसके तहत भारत का इतिहास, राजस्थान का इतिहास, राजस्थान की कला एवं संस्कृति, राजस्थान का भूगोल, भारतीय राजनीति, सामान्य विज्ञान, शिक्षा मनोविज्ञान, शैक्षिक प्रबंधन एवं राजस्थान में शैक्षिक परिदृश्य, मानसिक क्षमता परीक्षण एवं गणित, हिन्दी, English और समसामयिकी से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन किया गया है। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं। आप इस Model Test पेपर्स बुकलेट के माध्यम से परीक्षा के पैटर्न को समझ सकते हैं और अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं।
इस पुस्तक में कुल 10 मॉडल टेस्ट पेपर्स व्याख्यात्मक हल के साथ दिए गए हैं, जिनसे आप एक प्रश्न के साथ-साथ तीन-चार नए प्रश्न भी तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही 10 OMR SHEETS भी दी गई है जिनके माध्यम से आप परीक्षा पूर्व परीक्षा का बेहतर अभ्यास कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि इस Model Test पेपर्स पुस्तक की सहायता से आप परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकें।

**मार्गदर्शन- लक्ष्य क्लासेज के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के निर्देशन में।**

**पाठ्यसामग्री निर्माता- राजवर्धन बेगड़, गंगासिंह भाटी, जिज्ञासा गहलोत, निशांत सोलंकी और अनोपचन्द मंडा।**

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक स्कूल व्याख्याता (I Grade) परीक्षा के प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**आनंद अग्रवाल**
**निदेशक, लक्ष्य क्लासेज**

लक्ष्य क्लासेस ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को लक्ष्य क्लासेस की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

## विषय वस्तु



| क्र.सं. | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर – 1 | 1 – 11 |
| 2. | मॉडल पेपर – 2 | 12 – 23 |
| 3. | मॉडल पेपर – 3 | 24 – 35 |
| 4. | मॉडल पेपर – 4 | 36 – 48 |
| 5. | मॉडल पेपर – 5 | 49 – 59 |
| 6. | मॉडल पेपर – 6 | 60 – 70 |
| 7. | मॉडल पेपर – 7 | 71 – 81 |
| 8. | मॉडल पेपर – 8 | 82 – 92 |
| 9. | मॉडल पेपर – 9 | 93 – 103 |
| 10. | मॉडल पेपर – 10 | 104 - 116 |

# मॉडल पेपर - 1

1. **किस दिन महात्मा गाँधी ने 'दांडी यात्रा' शुरू की थी?**
(a) 12 मार्च, 1930 (b) 5 अप्रैल, 1929
(c) 20 मार्च, 1931 (d) 5 मई, 1932
(e) अनुत्तरित प्रश्न

2. **नीचे दिए गए विद्रोहों में से किसका बंकिम चन्द्र चटर्जी ने अपने उपन्यास आनन्द मठ में उल्लेख किया है?**
(a) कौल विद्रोह (b) रंगपुर विद्रोह
(c) संथाल विद्रोह (d) संन्यासी विद्रोह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

3. **'मैं नास्तिक क्यों' नामक शीर्षक से एक दार्शनिक निबंध किसके द्वारा लिखा गया?**
(a) चन्द्रशेखर आजाद (b) भगतसिंह
(c) सुखदेव (d) विपिनचन्द्र पाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

4. **निम्नलिखित में से 'फॉरवर्ड ब्लॉक' का गठन कब व किसके द्वारा किया गया?**
(a) 1923 - भगतसिंह
(b) 1928 – चन्द्रशेखर आजाद
(c) 1939 – सुभाषचन्द्र बोस
(d) 1938 - मोहनसिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

5. **मुगल चित्रकला के इतिहास में 'मील का पत्थर' किसे कहा गया?**
(a) हम्जनामा
(b) रज्मनामा
(c) तारीख-ए-खानदाने तैमूरिया
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

6. **मारवाड़ के चन्द्रसेन ने मुगलों से संघर्ष के लिए किस स्थान पर सेना को संगठित किया था?**
(a) कानूजा (b) देसूरी
(c) भाद्राजूण (d) हीराबाड़ी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

7. **पुरास्थल 'आहड़' से प्राप्त प्राचीन अवशेष संबंधित है-**
(a) लौह युग से (b) ताम्रपाषाण युग से
(c) पुरापाषाण युग से (d) कांस्य युग से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

8. **उस समाचार पत्र की पहचान कीजिए जो हाड़ौती क्षेत्र में जागरूकता के लिये चलाया जाता था-**
(a) मारवाड़ गजट (b) राजस्थान वीकली
(c) जय भूमि (d) देश हितैषी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

9. **जयपुर प्रजामंडल का प्रथम अधिवेशन किसकी अध्यक्षता में हुआ था?**
(a) कर्पूरचंद पाटनी (b) जमनालाल बजाज
(c) पं. जवाहरलाल नेहरू (d) अर्जुनलाल सेठी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

10. **हवामहल की इमारतों को ऊपर से नीचे व्यवस्थित क्रमानुसार जमाएँ -**
**1. विचित्र मंदिर** **2. प्रकाश मंदिर**
**3. रतन मंदिर** **4. हवा मंदिर**
**5. शरद मंदिर**
(a) 4, 2, 1, 3, 5 (b) 1, 2, 3, 4, 5
(c) 3, 2, 1, 4, 5 (d) 5, 4, 3, 2, 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

11. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**A. 1916 ईस्वी में आनंद कुमार स्वामी ने 'राजपूत पेंटिंग' नामक पुस्तक लिखी।**
**B. डब्ल्यू एच ब्राउन ने अपने ग्रंथ इंडियन पेंटिंग्स में राजस्थान की चित्रकला को 'राजस्थानी चित्रकला' कहा है।**
**उपर्युक्त में से सत्य कथन चुनिए-**
(a) केवल A (b) केवल B
(c) A और B दोनों (d) न तो A और न ही B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

12. **घूमर लोक नृत्य को संरक्षित करने और बढ़ावा देने हेतु राजस्थान में 'गणगौर घूमर नृत्य अकादमी' की स्थापना कब हुई?**
(a) 1982 में (b) 1986 में
(c) 1978 में (d) 1972 में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

13. **राजस्थान के निम्नलिखित मंदिरों में से गुर्जर-प्रतिहार काल में निर्मित मंदिरों को चुनिए-**
**(1) आहड़ का आदिवराह मंदिर**
**(2) आभानेरी का हर्षत माता का मंदिर**
**(3) राजोरगढ़ का नीलकंठ मंदिर**
**(4) ओसियां का हरिहर मंदिर**
**कूट:-**
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

14. **कौन-सा/से कथन त्योहारों के बारे में सही है?**
**(1) अक्षय तृतीया - वैशाख मास की शुक्ल पक्ष तृतीया**
**(2) निर्जला एकादशी - ज्येष्ट मास की शुक्ल पक्ष एकादशी**
**(3) अक्षय तृतीया - चैत्र मास की शुक्ल पक्ष तृतीया**
**(4) निर्जला एकादशी - आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष एकादशी**
(a) 1 और 2
(b) 3 और 4
(c) केवल 3
(d) 1 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. 'एक जैसे नौ महल' निम्नलिखित में से किस किले में स्थित है?**
(a) आमेर किले में (b) मेहरानगढ़ किले में
(c) नाहरगढ़ किले में (d) जालौर किले में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. एक पंक्ति में आरस्तून का आगे से 20वाँ स्थान है, जबकि नेहा का पीछे से 12वाँ स्थान है और प्रियंका का आगे से 27वाँ स्थान है, जो आरस्तून और नेहा के ठीक मध्य में हो, तो पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?**
(a) 45 (b) 49
(c) 42 (d) 48
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. यदि एक घन का पृष्ठ क्षेत्रफल 144 सेमी$^2$ है, तो घन का आयतन क्या होगा?**
(a) 236 सेमी$^3$ (b) 228 सेमी$^3$
(c) 189 सेमी$^3$ (d) 216 सेमी$^3$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. जिस प्रकार "हाथी' का संबंध "द्वीप' से है, उसी प्रकार "पर्वत' का संबंध किससे है?**
(a) अधम (b) ध्वंस
(c) उत्थान (d) शील
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. एक गोलक का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल $16\pi$ वर्ग एकक है। गोलक का आयतन है-**
(a) $\frac{8\sqrt{2}}{3}\pi$ घन एकक (b) $8\sqrt{3}\pi$ घन एकक
(c) $\frac{32}{3}\pi$ घन एकक (d) $\frac{8\sqrt{3}}{5}\pi$ घन एकक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. शून्य घात वाला बहुपद कहलाता है -**
(a) द्विघात बहुपद (b) अचर बहुपद
(c) रैखिक बहुपद (d) त्रिघात बहुपद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. माध्य से लिये गए विचलनों के वर्गों का योग होता है?**
(a) शून्य (b) अनन्त
(c) न्यूनतम (d) अधिकतम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. $x^2 - 7x + 12$ के गुणनखण्ड ज्ञात कीजिए।**
(a) $(x-3)(x-4)$ (b) $(x+3)(x-4)$
(c) $(x+4)(x-3)$ (d) $(x+3)(x-4)$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. किसी बेलन की ऊँचाई 6 मी. है। इनके दोनों सिरों के क्षेत्रफलों के जोड़ का 3 गुना और इसके वक्रपृष्ठ क्षेत्रफल का 2 गुना बराबर है। इसके आधार की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।**
(a) 5 मी. (b) 4 मी.
(c) 10 मी. (d) 13 मी.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. निम्न में से कौनसी संख्या अपरिमेय है?**
(a) 0.375 (b) 0.14
(c) $0.\overline{1416}$ (d) 0.1014001400
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. अंकिता ने परमेश की ओर ईशारा करते हुए कहा कि, "वह मेरे दादा की इकलौती पुत्री का लड़का है" तो अंकिता का परमेश से संबंध होगा -**
(a) बेटी (b) फुफेरी बहन
(c) बुआ (d) ममेरी बहन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. निम्न में से व्यंजन संधि का उदाहरण है-**
(a) सरोज (b) वागीश्वर
(c) सुधेन्द्र (d) परीक्षित
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. 'Appraise' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है-**
(a) आनुषंगिक (b) वास्तविक
(c) मौन सहमति (d) मूल्यांकन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. निम्नलिखित वाक्य में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**
(a) शाहजहाँ ने ताजमहल का निर्माण करवाया।
(b) चोर ने सिपाही को देखा और भाग गया।
(c) बन्दूक एक उपयोगी शस्त्र है।
(d) पिताजी ने हस्ताक्षर कर दिए।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. 'उज्ज्वल' का विलोम शब्द क्या होगा?**
(a) स्वच्छ (b) अनूज्ज्वल
(c) धूमिल (d) मलिन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. 'प्रणय-परिणय' शब्द युग्म का सही अर्थ है-**
(a) प्रेम-विवाह (b) विवाह-प्रेम
(c) विवाह-विवाहित (d) विवाहित-प्रेम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**Change into Active/Passive Voices (31-32)**

**31. I do not know him.**
(a) He is not known to me.
(b) He has not been known to me.
(c) He was not known to me.
(d) He had not been known to me.
(e) Question not attempted

**32. Her Manners pleased us very much.**
(a) We pleased her very much.
(b) We were very much pleased with her manners.
(c) We were very much pleased on her manners.
(d) We are very much pleased with her manners.
(e) Question not attempted

**Directions (Q. 33-34) - Fill in the blanks with correct determiners.**

**33. What..........untidy girl she is!**
(a) x (b) the
(c) a (d) an
(e) Question not attempted

**34. How..........money can I afford?**
(a) many (b) more
(c) much (d) some
(e) Question not attempted

**Direction: Change the following sentence into indirect speech.**

**35. Suman said to me, "Did you enjoy the Olympic Games in London?"**
(a) Suman asked me if I had enjoyed the Olympic Games in London.
(b) Suman asked me did I enjoy the Olympic Games in London.
(c) Suman asked me if I enjoyed the Olympic Games in London.
(d) Suman asked me if I was enjoyed the Olympic Games in London.
(e) Question not attempted

**36. मई, 2024 में फिलीपींस में भारत का अगला राजदूत किस नियुक्त किया गया है -**
(a) हर्ष कुमार जैन (b) आदित्य पुरी
(c) कैजाद भरूचा (d) संदीप बख्शी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. किस संस्था को WHO से स्वास्थ्य संवर्धन के लिए 2024 नेल्सन मंडेला पुरस्कार प्राप्त हुआ -**
(a) एम्स (b) निमहंस
(c) आईआईटी बेंगलुरु (d) पीजीआईएमईआर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. ब्रांड फाइनेंस इंडिया-100 2024 रिपोर्ट में किस कंपनी को भारत का सबसे मूल्यवान ब्रांड घोषित किया गया -**
(a) रिलायंस इंडस्ट्रीज
(b) टाटा समूह
(c) इंफोसिस
(d) HDFC समूह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. 'डूइंग गुड फॉर भारत अवॉर्ड 2024' राजस्थान पुलिस को किस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है-**
(a) पर्यावरण संरक्षण
(b) शिक्षा सुधार
(c) कम्युनिटी पुलिसिंग (सार्वजनिक सेवाएं)
(d) खेल विकास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. हाल ही में (नवंबर 2024 में) भारत में रक्षा सचिव की भूमिका किसने संभाली-**
(a) अजय भूषण पांडे (b) राजेश कुमार सिंह
(c) अमित खरे (d) सुनील भारद्वाज
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में साक्षरता की दर कितनी प्रतिशत है?**
(a) 82.14 (b) 88.14
(c) 68.46 (d) 74.04
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. निम्नलिखित में से दलदली स्थानों में उत्पन्न गैस है-**
(a) मेथेन (b) एथेन
(c) ब्यूटेन (d) n-प्रोपेन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. जब अम्ल एवं क्षार अभिक्रिया करते हैं तो लवण तथा जल बनता है, इस अभिक्रिया को कहा जाता है -**
(a) उदासीनीकरण अभिक्रिया
(b) उत्क्रमणीय अभिक्रिया
(c) अपघटनीय अभिक्रिया
(d) विस्थापन अभिक्रिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. एक वस्तु पर बल लगने के बाद भी किया गया कार्य शून्य होगा, यदि उसका विस्थापन हो–**
(a) ऋणात्मक (b) धनात्मक
(c) उदासीन (d) शून्य
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. किसी वस्तु के प्रारंभिक बिन्दु से अंतिम बिन्दु के मध्य की वास्तविक लम्बाई क्या कहलाती है?**
(a) दूरी (b) विस्थापन
(c) वेग (d) त्वरण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. निम्नलिखित में से नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन है-**
(a) सूर्य (b) कोयला
(c) पेट्रोलियम पदार्थ (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. भारत का राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपात की घोषणा कर सकता है, यदि निम्नलिखित में से खतरा हो-**
**1. बाहरी आक्रमण का** **2. आंतरिक अशांति का**
**3. सशस्त्र विद्रोह का** **4. सांप्रदायिक संघर्ष का**
**नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 1 व 3
(c) केवल 3 व 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. संसद किसी विशिष्ट उद्देश्य हेतु कोई समिति नियुक्त करती है, तो वह समिति कहलाती है-**
(a) स्टैण्डिंग समिति (b) संयुक्त समिति
(c) तदर्थ समिति (d) स्थायी समिति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के लिए गठित समिति में निम्नलिखित में से कौन-कौन शामिल होते हैं?**
**(I) प्रधानमंत्री**
**(II) लोकसभा अध्यक्ष**
**(III) राज्यसभा का सभापति**
**(IV) दोनों सदनों के विपक्षी नेता**
**(V) केन्द्रीय गृह मंत्री**
**नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन कीजिए-**
(a) I, II, IV और V
(b) II, III और IV
(c) III, IV और V
(d) I, II, III, IV और V
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के सदस्य नहीं थे?**
(a) एन. गोपालास्वामी आयंगर
(b) अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर
(c) वी. टी. कृष्णामाचारी
(d) के. एम. मुंशी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. भारत में राजनीतिक दलों को कौन मान्यता देता है?**
(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) भारत का निर्वाचन आयोग
(c) कानून और न्याय मंत्रालय
(d) लोकसभा का स्पीकर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में पूरी मंत्रिपरिषद् भंग नहीं होती है?**
**A. अगर प्रधानमंत्री की मृत्यु हो जाए।**
**B. अगर प्रधानमंत्री त्याग-पत्र दे दे।**
**C. अगर कोई कैबिनेट मंत्री त्याग-पत्र दे दे।**
**सही कूट का चयन कीजिए-**
(a) A और B
(b) B तथा C
(c) केवल C
(d) केवल B
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. कौन-से कारक राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करते हैं?**
**(1) अक्षांशीय अवस्थिति**
**(2) देशान्तरीय अवस्थिति**
**(3) अरब सागर से दूरी**
**(4) उच्चावच विशेषताएं**
(a) 1 और 4
(b) 1, 2 और 3
(c) 1, 3 और 4
(d) 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. अरावली की निम्नलिखित पर्वत चोटियों को उनकी ऊँचाई के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**
(a) अचलगढ़, कुम्भलगढ़, रघुनाथगढ़, सज्जनगढ़
(b) सज्जनगढ़, रघुनाथगढ़, कुम्भलगढ़, अचलगढ़,
(c) सज्जनगढ़, अचलगढ़, कुम्भलगढ़, रघुनाथगढ़
(d) कुम्भलगढ़, अचलगढ़, सज्जनगढ़, रघुनाथगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करते हुए सही कूट का चयन कीजिए-**

| सूची-I (उद्गम स्थल) | सूची-II (नदी) |
|---|---|
| (A) सेवर की पहाड़ी | 1. मेंथा |
| (B) कोटड़ी की पहाड़ी | 2. रूपारेल |
| (C) मनोहरपुरा की पहाड़ी | 3. काकनेय |
| (D) उदयनाथ की पहाड़ी | 4. साबी |

**कूट:-**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-4, B-3, C-2, D-1
(c) A-4, B-2, C-1, D-3
(d) A-4, B-3, C-1, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. राजस्थान में कृषि की कुछ प्रमुख विशेषताओं के संदर्भ में कौनसे सही हैं-**
**1. खाद्यान्न फसलों की प्रधानता**
**2. मानसून तटस्थ कृषि**
**3. शुष्क कृषि पर उच्च निर्भरता**
**4. स्थानांतरण कृषि की मौजूदगी**
**कूट:-**
(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. मंगला-भाग्यम, शक्ति एवं ऐश्वर्या है-**
(a) अनुसूचित जाति की बालिकाओं के उत्थान के लिए तीन योजनाएँ है।
(b) बाड़मेर-सांचौर बेसिन में खोजे गए तेल क्षेत्र है।
(c) तीन निजी क्षेत्र में स्थापित विश्वविद्यालय है।
(d) रामगढ़ पावर प्लांट को आपूर्ति करने के लिए, जैसलमेर बेसिन से प्राकृतिक गैस का उत्पादन करना है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. जोधपुर महाराजा उम्मेद सिंह द्वारा अकाल राहत कार्यो के तहत 1928-1940 के मध्य कौन-सा भव्य महल बनवाया जहां का संग्रहालय भी है?**
(a) जसवंत थड़ा
(b) छीतर पैलेस
(c) बीजोलाई के महल
(d) एक थम्बा महल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाले जिलों का सही युग्म है–**
(a) जयपुर-जोधपुर-अलवर-नागौर
(b) बाड़मेर-जैसलमेर-जोधपुर-बाँसवाड़ा
(c) श्रीगंगानगर-झुंझुनूँ-पाली-बूँदी
(d) जैसलमेर-बीकानेर-बाड़मेर-चूरू
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. राजस्थान में किस एजेंसी को पी.एम. कुसुम योजना (कम्पोनेंट A) के क्रियान्वयन के जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें 0.5 मेगावॉट से 2 मेगावॉट क्षमता तक के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जाने हैं?**
(a) ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी
(b) राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड
(c) राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
(d) राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. बाल विकास की किस अवस्था में देशभक्ति की भावना का विकास होता है?**
(a) शैशवावस्था (b) पूर्व बाल्यावस्था
(c) बाल्यावस्था (d) किशोरावस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षा मनोविज्ञान का निहितार्थ एक अध्यापक के लिए सहायक नहीं हैं?**
(a) अधिगमकर्ता के विकासात्मक विशेषताओं को समझने में
(b) व्यक्तिक विभिन्नता को पहचानने में
(c) कक्षा की समूह गतिशीलता को जानने में
(d) अधिगम की अभिक्षमता बढ़ाने में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. थॉर्नडाइक के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम का गौण नियम है?**
(a) अभ्यास का नियम (b) मनोवृत्ति का नियम
(c) तत्परता का नियम (d) सभी विकल्प सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) अधिगमकर्ता का स्वास्थ्य अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करता है।
(b) अधिगम में उपलब्धि अभिप्रेरणा की कोई भूमिका नहीं है।
(c) विषयवस्तु की प्रकृति अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करती है।
(d) इनमें से कोई नहीं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. संवेगात्मक बुद्धि सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया?**
(a) जॉन मेयर (b) पीटर सैलोव
(c) डेनियल गोलमेन (d) हावर्ड गार्डनर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. कौन-सी एक विशेषता संस्थागत नियोजन की नहीं हैं?**
(a) लचीला (b) विशिष्टता
(c) कठोर (d) लोकतांत्रिक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. SMC की साधारण सभा की बैठक कितने दिनों में होनी आवश्यक हैं?**
(a) प्रत्येक माह
(b) प्रत्येक माह के आखिरी दिन
(c) तीन माह में एक बैठक
(d) चार माह में एक बैठक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. राजस्थान का पहला शिक्षा निदेशालय कहाँ शुरू किया गया था?**
(a) बीकानेर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) जोधपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. RSTB संस्था किस अधिनियम के तहत पंजीकृत की गई?**
(a) संस्था पंजीयन अधिनियम, 1960
(b) संस्था पंजीयन अधिनियम, 1958
(c) संस्था पंजीयन अधिनियम, 1964
(d) संस्था पंजीयन अधिनियम, 1968
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. निम्नलिखित में से प्रबन्ध का हृदय कहा जाता है-**
(a) निर्णयन को (b) नवाचार को
(c) अभिप्रेरणा को (d) सम्प्रेषण को
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. ज्ञान दर्शन क्या है?**
(a) शैक्षिक FM चैनल
(b) शैक्षिक संस्थान
(c) शैक्षिक योजना
(d) शैक्षिक दूरदर्शन प्रसारण सेवा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. समग्र शिक्षा अभियान का उद्देश्य नहीं है -**
(a) व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देना
(b) खेल और शारीरिक शिक्षा को प्रोत्साहन
(c) शिक्षक, शिक्षा और प्रशिक्षण को सुदृढ़ करना
(d) जेण्डर गैप को बढ़ाना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. निम्नलिखित में से कौन-सी एक अच्छे नेतृत्व की विशेषता नहीं है?**
(a) यह लक्ष्यों के निर्धारण एवं प्राप्ति से संबंधित है।
(b) यह समूह में अन्त:क्रिया, समूह परिचर्चा, पारस्परिक सहयोग के माध्यम से सदस्यों के प्रयासों को नियंत्रित एवं निर्देशित एवं परामर्श देती है।
(c) यह उच्च प्रत्ययकारी एवं उच्च नियंत्रणकारी है।
(d) यह साधारण समस्या में उत्पन्न परिस्थिति में क्रियाशील होती है। यह शून्यता में कार्य नहीं करती।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. राजस्थान में विद्यालय एवं व्यापक शिक्षा योजना निर्माण क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन के लिए सर्वोच्च शैक्षिक संगठन है-**
(a) RSCERT, उदयपुर (b) IASE, बीकानेर
(c) DIET, जयपुर (d) RIE, अजमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल का मुख्यालय स्थित है-**
(a) जयपुर (b) अलवर
(c) सीकर (d) पाली
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

# व्याख्या - 1

1. [a]

**व्याख्या :-**

– महात्मा गाँधी ने 11 सूत्रीय प्रस्ताव रखा, जिस पर सरकार से कोई सकारात्मक जवाब न मिलने के कारण महात्मा गाँधी ने 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' शुरू करने की धमकी दी, जिसका प्रमुख उद्देश्य 'नमक कानून' को तोड़ना था, क्योंकि अंग्रेजी सरकार ने उस समय नमक पर कर लगा दिया था, जो आम जनता की एक जरूरत थी। 12 मार्च, 1930 को महात्मा गाँधी ने अहमदाबाद में स्थित साबरमती आश्रम से अपने 78 आश्रमवासियों के साथ दाण्डी यात्रा प्रारम्भ की। दाण्डी ग्राम (गुजरात के नौसारी) पहुँचकर महात्मा गाँधी ने 6 अप्रैल, 1930 को समुद्र तट पर सांकेतिक रूप से नमक बनाकर नमक कानून को तोड़ा, इसे 'नमक सत्याग्रह' भी कहा जाता है।

2. [d]

**व्याख्या :-**

– 'आनन्दमठ' एक ऐतिहासिक उपन्यास है जिसे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखा है। यह उपन्यास 1773 ई. में उत्तरी बंगाल में उत्पन्न संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन यह उपन्यास केवल राजनीतिक कथा के रूप में ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज और संस्कृति के आदर्शों की भी अभिव्यक्ति करता है।

3. [b]

**व्याख्या :-**

– भगतसिंह द्वारा 'मैं नास्तिक क्यों' नामक शीर्षक से एक दार्शनिक निबंध लिखा गया।

– भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने वर्ष 1928 में लाहौर में एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सॉन्डर्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी, इनको 23 मार्च, 1931 को फांसी दे दी गई।

– अत: उनकी याद में 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।

4. [c]

**व्याख्या:-**

– कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर सुभाषचन्द्र बोस ने 1939 को **'फॉरवर्ड ब्लॉक'** की स्थापना की। इसको वामपंथी कांग्रेसियों का बहुत सहयोग मिला।

5. [b]

**व्याख्या :-**

– अकबर के काल में रज्मनामा नामक चित्रों की पाण्डुलिपि तैयार की गयी जिसे मुगल चित्रकला के इतिहास का 'मील का पत्थर' कहा गया।

6. [c]

**व्याख्या :-**

– मारवाड़ का प्रताप/प्रताप का अग्रगामी/विस्मृत नायक/भूला बिसरा राजा उपनामों से प्रसिद्ध राव चन्द्रसेन ने भाद्राजूण और सिवाणा में रहकर मुगल सेना का सामना किया।

– अकबर ने चन्द्रसेन को दबाने अपनी सेना भाद्राजूण भेजी थी। चन्द्रसेन यहाँ से अपने भतीजे कल्ला (राम का पुत्र) के पास 'सोजत' पहुँचा, मुगल सेना पीछा करती सोजत आ गई। चन्द्रसेन वहाँ से सिवाना चला गया। रावल सुखराज, सुरजा तथा देवीदास चन्द्रसेन के साथी थे।

7. [b]

**व्याख्या :-**

– उदयपुर में आयड़ नदी के किनारे स्थित आहड़ सभ्यता एक ताम्रयुगीन सभ्यता है। वर्ष 1961 में इसका उत्खनन रतनचन्द्र अग्रवाल व हसमुख धीरजलाल (H.D.) सांकलिया के नेतृत्व में हुआ तथा आहड़ सभ्यता में तांबे के उपकरणों का अधिक प्रयोग होने के कारण इसे 'ताम्रवती नगरी' तथा बनास नदी की घाटी में स्थित होने के कारण 'बनास संस्कृति' के नाम से भी जाना जाता है। स्थानीय भाषा में लोग इसको 'धूलकोट' भी कहते हैं।

8. [b]

**व्याख्या:-**

– ऋषिदत्त मेहता द्वारा वर्ष 1923 में ब्यावर से प्रकाशित समाचार पत्र 'राजस्थान वीकली' साप्ताहिक समाचार पत्र था जो हाड़ौती क्षेत्र में जागरूकता के लिये चलाया जाता था।

– मारवाड़ गजट राजस्थान का पहला समाचार पत्र था जो 1866 ई. में जोधपुर से प्रकाशित हुआ था।

9. [b]

**व्याख्या :-**

– जयपुर प्रजामंडल का प्रथम अधिवेशन मई, 1938 में हुआ था, जिसकी अध्यक्षता जमनालाल बजाज ने की थी।

– इस अधिवेशन में कस्तूरबा गाँधी ने भाग लिया था।

– इस अधिवेशन के बाद बजाज की गिरफ्तारी के संबंध में गाँधीजी ने कहा था कि, "बजाज की गिरफ्तारी को हम राष्ट्रीय प्रश्न बना देंगे।"

10. [a]

**व्याख्या:-**

– हवामहल एक पंच मंजिला इमारत है।

– इसका निर्माण प्रताप सिंह द्वारा 1799 ई. में करवाया गया। इसकी आकृति कृष्ण के मुकुट के समान है।

– पांच मंजिलों के क्रमानुसार (नीचे से ऊपर) नाम-

1. शरद मंदिर  2. रतन मंदिर  3. विचित्र मंदिर
4. प्रकाश मंदिर  5. हवा मंदिर

11. [a]

**व्याख्या :-**

– डब्ल्यू. एच. ब्राउन में राजस्थान की चित्रकला को 'राजपूत कला' कहा जाता है।

– ओ.सी. गांगुली तथा हैवेल ने राजस्थान की चित्रकला को 'राजपूत चित्रकला' कहा है तथा रायकृष्णदास ने राजस्थान की चित्रकला को 'राजस्थानी चित्रकला' कहा है।

12. [b]

**व्याख्या:-**

– राजस्थान में 'गणगौर घूमर नृत्य अकादमी' की स्थापना संतरामपुर की महारानी राजमाता गोवर्धन कुमारी ने वर्ष 1986 में की थी।

– घूमर राजस्थान का राज्य नृत्य है, इसे नृत्यों का सिरमौर कहा जाता है।

**13. [a]**

**व्याख्या:-**

- आहड़ का आदिवराह मंदिर 943 ईस्वी में बनाया गया था। यह मंदिर उदयपुर जिले में स्थित है।
- आभानेरी का हर्षत माता मंदिर आठवीं शताब्दी में बनाया गया था। यह मंदिर दौसा जिले में स्थित है।
- राजोरगढ़ नीलकंठ मंदिर छठी और नौवीं शताब्दी के बीच बनाया गया था। यह अलवर जिले में है।
- ओसियां का हरिहर मंदिर आठवीं शताब्दी में बनाया गया था। यह जोधपुर जिले में है।

**14. [a]**

**व्याख्या:-**

- **अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया) -** राजस्थान में सर्वाधिक बाल विवाह इसी दिन होते हैं। आखा तीज वाले दिन अबूझ सावा होता है। इस दिन सात अन्न की पूजा की जाती है।
- **निर्जला एकादशी (ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी) -** इस दिन औरते बिना जल के यह व्रत करती है। इस एकादशी को व्रत रखने से वर्ष की सभी एकादशी के व्रत का फल मिल जाता है।

**15. [c]**

**व्याख्या:**

- 'सुदर्शनगढ़/मीठड़ी का किला/महलों का दुर्ग उपनामों से प्रसिद्ध नाहरगढ़ किले का निर्माण 1734 ई. में जयपुर महाराजा सवाई जयसिंह द्वारा मराठों से सुरक्षा हेतु करवाया गया।
- इस दुर्ग को वर्तमान स्वरूप 1868 ई. में सवाई रामसिंह द्वारा प्रदान किया गया।
- अरावली पर्वतमाला पर स्थित यह किला जयपुर के मुकुट के समान है।
- सवाई माधोसिंह द्वितीय ने अपनी 9 रानियों के नाम पर यहाँ एक जैसे 9 महलों का निर्माण करवाया, जो माधवेन्द्र भवन कहलाता है।

**16. [a]**

**व्याख्या:–**

- आरस्तून और नेहा के बीच में प्रियंका है, जो आरस्तून से 7 स्थान आगे है। अर्थात् आरस्तून और प्रियंका के मध्य 6 और लड़कियाँ हैं, तो प्रियंका और नेहा के बीच भी 6 लड़कियाँ होंगी, क्योंकि प्रियंका ठीक बीच में है।
- अत: कुल लड़कियाँ = 20+6+1+6+12 = 45

**17. [d]**

**व्याख्या:-**

- माना घन की भुजा = a
- घन का पृष्ठ क्षेत्रफल = $4a^2$
- $\Rightarrow 4a^2 = 144$
- $\Rightarrow a^2 = 36$
- $\Rightarrow$ a = 6 सेमी.
- घन का आयतन = $a^3 = 6\times6\times6 = 216$ सेमी$^3$

**18. [d]**

**व्याख्या :–**

- जिस प्रकार "हाथी' का पर्यायवाची "द्वीप' है, उसी प्रकार "पर्वत' का पर्यायवाची "शील' होगा।

**19. [c]**

**व्याख्या :–**

- गोलक का पृष्ठीय क्षेत्रफल = $4\pi r^2$
- प्रश्नानुसार,
- $4\pi r^2 = 16\pi \Rightarrow r^2 = 4 \Rightarrow r = 2$
- गोलक का आयतन = $\frac{4}{3}\pi r^3$
- $\Rightarrow \frac{4}{3}\pi(2)^3 \Rightarrow \frac{32\pi}{3}$ घन एकक

**20. [b]**

**व्याख्या:–**

- अत: शून्य घात वाला बहुपद अचर बहुपद होता है।

**21. [c]**

**व्याख्या: -**

- माध्य से लिए विचलनों के वर्गों का योग न्यूनतम होता है।

**22. [a]**


**व्याख्या:–**

- $f(x) = x^2 - 7x + 12$
- $f(x) = x^2 - 4x - 3x + 12 = 0$
- $= x(x-4) - 3(x-4) = 0$
- $= (x-4)(x-3) = 0$

अत: गुणनखण्ड $(x-3)$ व $(x-4)$ हैं।

**23. [b]**

**व्याख्या :-**




- बेलन की ऊँचाई h = 6 m.
- प्रश्नानुसार,
- $2\pi r^2 \times 3 = 2(2\pi r \times 6)$
- $\pi r^2 = 4\pi$
- r = 4m.


**24. [c]**

**व्याख्या :–**

- अपरिमेय संख्याओं का दशमलव प्रसार असांत होता है। यहाँ पर विकल्प (c) के अलावा सभी में दशमलव प्रसार सांत है।
- विकल्प (c) में दशमलव प्रसार असांत आवर्ती है। इसलिए $0.\overline{1416}$ संख्या अपरिमेय है।

**25. [d]**

**व्याख्या :–**



**26. [b]**

**व्याख्या:-**

– वाक् + ईश्वर = वागीश्वर (व्यंजन संधि)
– सर: + ज = सरोज (विसर्ग संधि)
– सुधा + इन्द्र = सुधेन्द्र (गुण संधि)
– परि + ईक्षित = परीक्षित (दीर्घ संधि)

**27. [d]**

**व्याख्या:-**

– Appraise = मूल्यांकन

**28. [b]**

**व्याख्या:-**

– **शुद्ध वाक्य:-** चोर ने सिपाही को देखा और वह भाग गया।

**29. [c]**

**व्याख्या :-**

– उज्ज्वल – धूमिल (विलोम शब्द)


**30. [a]**

**व्याख्या :-**

– प्रणय – प्रेम
– परिणय – विवाह
– परिणीत – विवाहित


**31. [a]**

**Explanation :-**




**32. [b]**

**Explanation :-**




**33. [d]**

**Explanation :-**

– Vowel sound से पहले an का प्रयोग होगा।

**34. [c]**

**Explanation :-**

– Uncountable noun से पहले much का प्रयोग होगा।

**35. [c]**

**Explanation :-**

– said to - asked
– Connective - if
– Past Tense (enjoy) - enjoyed
– You - I (according to me)

**36. [a]**

**व्याख्या :-**

– 30 मई को विदेश मंत्रालय ने हर्ष कुमार जैन को फिलीपींस में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया। वे अभी यूक्रेन में भारतीय राजदूत के तौर पर नियुक्त हैं। हर्ष कजाकिस्तान और स्लोवाकिया रिपब्लिक में भारतीय राजदूत थे।

**37. [b]**

**व्याख्या :-**

– बेंगलुरु में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (NIMHANS) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) से स्वास्थ्य संवर्धन के लिए 2024 नेल्सन मंडेला पुरस्कार मिला।

**38. [b]**

**व्याख्या :-**

– ब्रांड फाइनेंस इंडिया-100 2024 रिपोर्ट जारी हुई। इस रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप को एक बार फिर भारत का सबसे वैल्युएबल ब्रांड घोषित किया गया। टाटा ग्रुप की ब्रांड वैल्यू 9% की ग्रोथ के साथ 28.6 बिलियन डॉलर यानी 2.38 लाख करोड़ रुपए हो गई। डिजिटलाइजेशन, ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स पर मजबूत फोकस की बदौलत टाटा ग्रुप की ब्रांड वैल्यू में यह ग्रोथ देखने को मिली। टाटा के बाद इंफोसिस भारत का दूसरा सबसे वैल्यूएबल ब्रांड है।

**39. [c]**

**व्याख्या :-**

– राजस्थान पुलिस को कम्युनिटी पुलिसिंग (सार्वजनिक सेवाओं) में नवाचार एवं बेहतर कार्य के लिए श्रेणी 'जी' में 'डूइंग गुड फॉर भारत अवॉर्ड 2024' प्रदान किया गया।

**40. [b]**

**व्याख्या :-**

राजेश कुमार सिंह ने 01 नवंबर, 2024 को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में रक्षा सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। वे केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 20 अगस्त, 2024 को विशेष कार्य अधिकारी (रक्षा सचिव) का पदभार ग्रहण किया था।

**41. [d]**

**व्याख्या:-**

– भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में साक्षरता की दर 74.04 प्रतिशत है
– भारत में साक्षरता के मामले में पुरुष और महिलाओं में काफ़ी अंतर है जहा पुरुषों की साक्षरता दर 82.14 है वहीं महिलाओं में इसका प्रतिशत केवल 65.46 है। महिलाओं में कम साक्षरता का कारण परिवार और आबादी की जानकारी कमी है।

**42. [a]**

**व्याख्या :-**

– दलदल से मीथेन, जिसे मार्श गैस भी कहते हैं, निकलती है। इसका रासायनिक सूत्र $CH_4$ है। इसे मार्श गैस कहा जाता है क्योंकि यह भारी मात्रा में दलदल से निकलती है जहां एनारोबिक बैक्टीरिया पदार्थ का विघटन करते हैं।

**43. [a]**

**व्याख्या:-**

- उदासीनीकरण अभिक्रिया में जब अम्ल एवं क्षार अभिक्रिया करते हैं तो जल तथा लवण बनता है।
- इस अभिक्रिया में अम्ल के $H^+$ आयन तथा क्षार के $OH^-$ आयन से अभिक्रिया करके जल का निर्माण करते हैं।

  $HCl + NaOH \longrightarrow NaCl + H_2O$

**44. [d]**

**व्याख्या :-**

- किसी वस्तु पर बाह्य बल (F) के प्रभाव में d विस्थापन हो तो किया गया कार्य (W)

  कार्य = बल × विस्थापन

  W = F × d

  चूँकि किया गया कार्य शून्य है ऐसा तभी संभव है जब वस्तु का विस्थापन शून्य हो।

**45. [b]**

**व्याख्या :-**

- विस्थापन - भिन्न – भिन्न पथों से किसी गतिशील वस्तु के प्रारम्भिक बिन्दु से अंतिम बिन्दु के बीच की निम्नतम दूरी को वस्तु का विस्थापन कहते हैं।

  विस्थापन एक सदिश राशि है।

  इसका मात्रक – मीटर × सेकंड$^{-1}$ होता है।

**46. [a]**

**व्याख्या :-**

- वे संसाधन हैं जिन्हें समय के साथ प्राकृतिक रूप से फिर से बनाया या नवीनीकृत किया जा सकता है। नवीकरणीय संसाधन कहलाते हैं। वायु, जल, पवन, सौर ऊर्जा आदि सभी नवीकरणीय संसाधन हैं। इन संसाधनों को प्रकृति द्वारा आसानी से नवीनीकृत किया जा सकता है।

**47. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-352 के तहत यदि राष्ट्रपति को यह समाधान हो जाता है कि युद्ध या बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण भारत या उसके राज्यक्षेत्र के किसी भाग की सुरक्षा संकट में है तो वह उद्घोषणा द्वारा राष्ट्रीय आपात की घोषणा कर सकता हैं।
- मूल संविधान के अनुच्छेद-352 के उल्लिखित शब्द आंतरिक अशान्ति के स्थान पर 44वें संशोधन, 1978 में 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द जोड़ा गया।

**48. [c]**

**व्याख्या:-**

- **संसदीय समितियाँ दो प्रकार की होती हैं-**
- **(i) स्थायी समिति -** ये समितियाँ स्थायी प्रकृति की होती हैं, जो अविरलता के आधार पर कार्य करती है, जिनका गठन प्रत्येक वर्ष या समय-समय पर किया जाता है।
- **(ii) तदर्थ समिति -** यह समिति अस्थायी प्रकृति की होती है तथा जिस उद्देश्य से उसका गठन किया जाता है, वह समाप्त होते ही इनका कार्यकाल भी खत्म हो जाता है, ये समितियाँ अस्तित्व विहिन हो जाती हैं।

**49. [a]**

**व्याख्या:-**

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित समिति की सिफारिश के आधार पर की जाती है।
- इस समिति में निम्नलिखित सदस्य होते हैं-

  (1) प्रधानमंत्री (2) लोकसभा अध्यक्ष

  (3) दोनों सदनों के विपक्षी नेता (4) केन्द्रीय गृह मंत्री
- राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत इस आयोग का गठन किया गया।

**50. [c]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा की प्रारूप समिति (Drafting Committee) का गठन 29 अगस्त, 1947 को हुआ था।
- इस समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. अम्बेडकर थे तथा इनके अतिरिक्त इस समिति में 6 अन्य सदस्य भी शामिल थे जो इस प्रकार हैं-

  (i) एन. गोपालास्वामी आयंगर

  (ii) के. एम. मुंशी

  (iii) अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर

  (iv) सैय्यद मोहम्मद सादुल्ला

  (v) बी. एल. मित्र (इन्होंने स्वास्थ्य कारणों से त्यागपत्र दे दिया था तत्पश्चात् एन. माधव राव ने पद सभाला)

  (vi) डी. पी. खेतान (इनकी मृत्यु के पश्चात् इनका पद टी. टी. कृष्णामाचारी ने सभाला)

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों और उपचुनावों का संचालन और पर्यवेक्षण करता है। यह चुनाव कार्यक्रम की तिथियां, मतदान केंद्रों की संख्या और परिणामों की घोषणा तय करता है।
- यह राजनीतिक दलों को मान्यता देने के मानदंड निर्धारित करता है और उनके चुनाव चिह्न तय करता है।
- निर्वाचन आयोग राष्ट्रपति या राज्यपाल को सभी चुनावी मामलों पर सलाह देता है, जिसमें सदस्यों की अयोग्यता से संबंधित प्रश्न भी शामिल होते हैं।

**52. [c]**

**व्याख्या :-**

- संविधान के अनुच्छेद-74(1) 'राष्ट्रपति को सहायता एवं सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी जिसका प्रधान, प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग करने में उसकी सलाह के अनुसार कार्य करेगा।'
- अनुच्छेद-75 प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा।
- प्रधानमंत्री के लिए लोकसभा की सदस्यता अनिवार्य नहीं है। यदि कोई व्यक्ति संसद का सदस्य नहीं है वह प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन उसे 6 माह के अंदर संसद की सदस्यता लेनी होगी।
- अगर प्रधानमंत्री की मृत्यु हो जाये या प्रधानमंत्री त्याग-पत्र दे दें तो समस्त मंत्रिपरिषद् को त्यागपत्र देना पड़ता है। परन्तु किसी कैबिनेट मंत्री के पदत्याग से मंत्रिपरिषद् पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

**53. [c]**

**व्याख्या:–**

– राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों में अर्ध-शुष्क क्षेत्र, उच्च ऊंचाई और थार मरुस्थल से निकटता शामिल है।

– यह क्षेत्र तेज पवनों से भी प्रभावित होता है, जिसमें गर्मियों के दौरान मरुस्थल से चलने वाली गर्म और शुष्क पवनें और सर्दियों के दौरान हिमालय से चलने वाली ठंडी पवनें शामिल हैं।

**54. [b]**

**व्याख्या:–**

| क्रम संख्या | शिखर का नाम | ऊँचाई (मीटर) | स्थान जिला |
|---|---|---|---|
| 1. | गुरु शिखर | 1722 | सिरोही |
| 2. | सेर पीक | 1597 | सिरोही |
| 3. | देलवाड़ा | 1442 | सिरोही |
| 4. | जरगा | 1431 | उदयपुर |
| 5. | अचलगढ़ | 1380 | सिरोही |
| 6. | माउंट आबू | 1225 | सिरोही |
| 7. | कुम्भलगढ़ | 1224 | राजसमंद |
| 8. | रघुनाथगढ़ | 1055 | सीकर |

**55. [d]**

**व्याख्या:–**

– **साबी नदी:**

– साबी नदी सीकर जिले में सैवर संरक्षित वन (PF) पहाड़ियों के पूर्वी ढलानों से निकलती है।

– यह प्रारंभ में दक्षिण-पूर्व और पूर्व की ओर बहती है, इन पहाड़ियों के आधार के पास जयपुर जिले में प्रवेश करती है।

– इसके बाद यह राज्य को छोड़कर हरियाणा में प्रवेश करने तक जारी रहने से पहले शाहपुरा के पास उत्तर पूर्व की ओर मुड़ जाती है।

– **काकनी:**

– यह जैसलमेर के पास स्थित है।

– काकनी एक छोटी मौसमी नदी है जो कोटरी गांव के दक्षिण में निकलती है।

– यह भुज झील में गिरने से पहले कुछ किलोमीटर की यात्रा करती है।

– **बाणगंगा:**

– बाणगंगा नदी गंभीर नदी की 240 किलोमीटर लंबी सहायक नदी है।

– यह राजस्थान के जयपुर क्षेत्र में अरनसार और बैराठ पहाड़ियों से निकलती है और उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में फतेहाबाद में यमुना में मिल जाती है।

– **कांतली:**

– कांतली नदी खंडेला के रेवासा (सीकर) पहाड़ी से निकलती है और चूरू और झुंझुनू सीमाओं में खाली हो जाती है।

– यह एक मौसमी नदी है।

– समग्र प्रवाह की दृष्टि से यह राजस्थान की सबसे लंबी आंतरिक प्रवाह वाली नदी है।

**56. [d]**

**व्याख्या:–**

– राजस्थान एक प्रमुख खाद्यान्न फसल राज्य है।

– इसे भारत का शुष्क राज्य माना जाता है। इस प्रकार यह मानसून पर अत्यधिक निर्भर है।

– भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में मुख्य रूप से स्थानांतरण कृषि की जाती है।

– वालरा एक प्रकार की स्थानांतरित खेती है जो राजस्थान में प्रचलित है। बांसवाड़ा, उदयपुर और डूंगरपुर जिले में इस प्रकार की कृषि होती है।

**57. [b]**

**व्याख्या:–**

– मंगला, भाग्यम और ऐश्वर्या (एमबीए) राजस्थान के बाड़मेर-सांचौर बेसिन में खोजे गए तेल क्षेत्र है।

– 2004 में जब मंगला क्षेत्र की खोज की गई थी,

**58. [b]**

**व्याख्या:–**

– छीतर पैलेस जोधपुर जिले में स्थित है।

– जोधपुर महाराजा उम्मेद सिंह द्वारा अकाल राहत कार्यो के तहत 1928-1940 के मध्य महल बनवाया

**59. [b]**

**व्याख्या:–**

– जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान के सर्वाधिक कुल जनसंख्या वाले जिलों का अवरोही क्रम इस प्रकार है-

– जयपुर (6,626,178), जोधपुर (3,687,165), अलवर (3,674,179), नागौर (3,307,743), उदयपुर (3,068,420)

**60. [b]**

**व्याख्या :–**

– राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) का गठन अगस्त 2002 में पूर्ववर्ती REDA (राजस्थान ऊर्जा विकास एजेंसी) और राजस्थान राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (RSPCL) को मिलाकर किया गया था।

**61. [d]**

**व्याख्या :-**

– बाल विकास के अनुसार किशोरावस्था में देशभक्ति की भावना और बालकों की सामाजिक कार्यों में रुचि तथा वीर पूजा की भावना का विकास होता है।

**62. [d]**

**व्याख्या:-**

– शिक्षा मनोविज्ञान का मुख्य उद्देश्य शिक्षण-प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है। यह शिक्षक को अधिगमकर्ता की विकासात्मक विशेषताओं को समझने, व्यक्तिगत विभिन्नताओं की पहचान करने, और कक्षा की समूह गतिशीलता को जानने में सहायता करता है। इन सभी कारकों का ज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होता है।

– हालांकि, विकल्प (d) 'अधिगम की अभिक्षमता बढ़ाने में' को देखें तो, यह कथन शिक्षक के लिए सीधे सहायक नहीं है। अधिगम की अभिक्षमता (सीखने की क्षमता) बढ़ाना मुख्यतः अधिगमकर्ता (विद्यार्थी) की जिम्मेदारी है, जिसमें शिक्षक मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करता है। शिक्षा मनोविज्ञान शिक्षक को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और क्षमताओं को समझने में मदद करता है, लेकिन अधिगम की अभिक्षमता बढ़ाना सीधे तौर पर शिक्षक के कार्यक्षेत्र में नहीं आता।

**63. [b]**

**व्याख्या:-**

– थॉर्नडाइक ने अधिगम के तीन मुख्य नियम बताए हैं: तत्परता का नियम, अभ्यास का नियम, और प्रभाव का नियम। इनके अतिरिक्त, उन्होंने अधिगम के पांच गौण नियम भी प्रस्तुत किए, जिनमें से एक है मनोवृत्ति का नियम। इस नियम के अनुसार, अधिगम के लिए सकारात्मक मनोवृत्ति का होना आवश्यक है। जब तक छात्र स्वयं सीखने के लिए तत्पर नहीं होंगे, तब तक अधिगम प्रभावी नहीं हो सकेगा।

**64. [b]**

**व्याख्या:-**

– कथन (b) असत्य है क्योंकि अधिगम में अभिप्रेरणा की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अभिप्रेरणा के बिना, अधिगमकर्ता की सीखने में रुचि और प्रयास कम हो सकते हैं, जिससे अधिगम की प्रक्रिया प्रभावित होती है।

**65. [c]**

**व्याख्या:-**

– संवेगात्मक बुद्धि (Emotional Intelligence) की अवधारणा को सबसे पहले वर्ष 1990 में पीटर सैलोव और जॉन डी. मेयर ने प्रस्तुत किया था। हालांकि, इसे लोकप्रिय बनाने का श्रेय डेनियल गोलमेन को जाता है, जिन्होंने वर्ष 1995 में अपनी पुस्तक 'Emotional Intelligence: Why It Can Matter More Than IQ' के माध्यम से इसे व्यापक पहचान दिलाई।

**66. [c]**

**व्याख्या:-**

– संस्थागत नियोजन की विशेषताएँ 'लचीला विशिष्टता व लोकतांत्रिक सिद्धांतों' पर आधारित होती है, जबकि कठोरता संस्थागत नियोजन की विशेषता नहीं है।

**67. [c]**

**व्याख्या:-**

– SMC की साधारण सभा की बैठक प्रत्येक वर्ष जुलाई से मार्च तक तीन बैठकें अर्थात् 3 माह में एक बैठक अनिवार्य होनी आवश्यक है, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर अध्यक्ष/सदस्य/सचिव द्वारा कभी भी बैठक बुलाई जा सकती है। बैठक की सूचना 4 दिन पूर्व तथा अति आवश्यक होने पर बैठक की सूचना 2 दिन पूर्व दी जानी चाहिए।

**68. [a]**

**व्याख्या:-**

– राज्य में शिक्षण व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए वर्ष 1950 में बीकानेर में प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की स्थापना की गई।

**69. [b]**

**व्याख्या:-**

– राजस्थान संस्था पंजीयन अधिनियम- 1958 के अन्तर्गत RSTB को पंजीकृत किया गया। वर्तमान में कक्षा 1 से 12 तक पाठ्यपुस्तकों का वितरण एवं मुद्रण का कार्य किया जाता है।

**70. [c]**

**व्याख्या:-**

– प्रबन्ध का हृदय अभिप्रेरणा को कहा जाता है। अभिप्रेरणा किसी कार्य को गति प्रदान करती है।

**71. [d]**

**व्याख्या:-**

– ज्ञान दर्शन एक शैक्षिक दूरदर्शन प्रसारण सेवा है जिसके द्वारा दूरस्थ विद्यार्थियों एवं युवाओं को ज्ञानवर्धक शैक्षिक सामग्री प्रसारित की जाती है।

**72. [d]**

**व्याख्या:-**

– समग्र शिक्षा अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में सोशल एवं जेण्डर गैप को कम करना है, न कि बढ़ाना है।

**73. [c]**

**व्याख्या:-**

– एक अच्छे नेतृत्व की विशेषता उच्च प्रत्ययकारी और उच्च नियंत्रणकारी होने के बजाय समूह के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने में होती है। अच्छे नेता समूह के सदस्यों के प्रयासों को नियंत्रित करते हैं, उन्हें दिशा दिखाते हैं और टीम के भीतर संवाद एवं सहयोग को बढ़ावा देते हैं। उच्च नियंत्रणकारी होना अच्छे नेतृत्व की विशेषता नहीं मानी जाती, क्योंकि यह समूह के स्वतंत्रता और रचनात्मकता को सीमित कर सकता है।

**74. [a]**

**व्याख्या:-**

– राजस्थान में स्कूल और व्यापक शिक्षा की योजना, कार्यान्वयन और मूल्यांकन के लिए सर्वोच्च शैक्षिक संगठन RSCERT, उदयपुर है।

– राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान (S.I.E.R.T.) की स्थापना 11 नवंबर, 1978 को स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक उत्थान के लिए उदयपुर में की गई थी।

– महरोत्रा समिति ने राजस्थान सरकार द्वारा इसकी अनुशंसा की थी।

**75. [a]**

– राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल (RSOS) का मुख्यालय एकलव्य भवन, जयपुर में है।

– राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, स्कूल से बाहर के सीखने के संसाधनों को औपचारिक मान्यता देने की युक्ति है।

♦♦♦♦

मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर








**1st Grade 1st Paper (स्कूल व्याख्याता)**

**2nd Grade शिक्षक भर्ती परीक्षा**

**3rd Grade शिक्षक भर्ती परीक्षा**




Scan to Download Lakshya App Now

Google play

## - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- OFFLINE CLASSROOM BATCH

## क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

INSTAGRAM FACEBOOK YOUTUBE TELEGRAM

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

# लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur